प्रकाशनार्थ (निशुल्क)

ऑनलाईन बिलिंग प्रणाली के तकनीकी उच्चीकरण के दौरान बिलिंग प्रणाली प्रभावित होगी।

वाराणसी, 08.06.2023। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0 के अन्तर्गत आजनगढ़ क्षेत्र व बस्ती क्षेत्र के 6 जनपदों आजमगढ़, मऊ, बलिया, बस्ती, संतकबीरनगर एवं सिद्धार्थनगर के ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाईन बिलिंग प्रणाली का तकनीकी उच्चीकरण किये जाने के कारण ग्रामीण बिलिंग सिस्टम पर दिनांक 09.06..2023 रात्रि 10:00 बजे से दिनांक 12.06.2023 प्रातः 08:00 बजे तक बिलिंग, बिल संशोधन, बिल भुगतान, नया कनेक्शन, मीटर बदलना इत्यादि समस्त कार्य बाधित रहेंगे।

दिनांक 09.06.2023 रात्रि 10:00 बजे से पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0 के अन्तर्गत निम्नलिखित नगरों में शहरी क्षेत्र की बिलिंग प्रणाली भी प्रभावित होगीः–

वाराणसी, प्रयागराज, आजमगढ़, गोरखपुर, बस्ती, मिर्जापुर, बलिया, बांसी, बरहज भदोही, बिन्दकी, चुनार, देवरिया, फतेहपुर, गाजीपुर, घोसी, जौनपुर, खलीलाबाद, कोपागंज, मऊ मोहम्मदाबाद, मोहम्मदाबादगोहना, मुबारकपुर, मुगलसराय, ओबरा, पडरौना, प्रतापगढ़ रेनुकूट, रार्बट्सगंज।

उपरोक्त अवधि के दौरान शहरी क्षेत्र में बिल बना ने विभागीय काउण्टर पर बिल जमा करने, संशोधित करने, नाम परिवर्तन करने, विधा परिवर्तन करने, भार वृद्धि करने, ऑनलाईन बिल जमा करने इत्यादि समस्त कार्य प्रभावित होगें, अतः सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओ ंसे अनुरोध है कि इस अवधि के दौरान विभागीय कार्यालय में जा कर अनावश्यक रूप से अपना समय बर्बाद न करें।

दिनांक 12.06.2023 प्रातः 08:00 बजे के पश्चात् बिलिंग प्रणाली सभी जनपदों मे ंतकनीकी उच्चीकरण के उपरान्त पुनः उपलब्ध होगी। उपरोक्त अवधि में विद्युत बिलिंग सम्बन्धित किसी भी असुविधा के लिए अपने उपखण्डीय/खण्डीय कार्यालय से अथवा कस्टमर केयर नं0 1912 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

नोटः–दिनांक 09.06.2023 रात्रि 10:00 बजे से दिनांक 12.06.2023 प्रातः 08:00 बजे के दौरान पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0 के 6 जनपदों आजमगढ़, मऊ, बलिया, बस्ती, संतकबीरनगर एवं सिद्धार्थनगर के ग्रामीण क्षेत्रों के अतिरिक्त अन्य सभी जनपदों में ग्रामीण क्षेत्रों की बिलिंग प्रणाली यथावत् क्रियाशील रहेगी।

(आर0के0 बंसल)
अधीक्षण अभियन्ता (सम्बद्ध)
प्रबन्ध निदेशक कैम्प,
पू0वि0वि0नि0लि0, वाराणसी।